



नवभारत 03
इंदौर सोमवार 29 जून 2026

### भाजपा जिला कार्यालय में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात का 135वां एपिसोड –


# जिला अध्यक्ष और सभी जनप्रतिनिधियों ने बूथों पर सुनी मोदी जी की मन की बात

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को प्रचारित हुआ। देश में प्रधानमंत्री कार्यकाल में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा पूरे देश की जनता से सीधे जुड़ने के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया हें। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मन की बात के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के नागरिकों से सीधा संवाद करते हैं, बिना किसी राजनीतिक चर्चा के, महत्वपूर्ण रूप से प्रतिमाह अंतिम रविवार को प्रचारित मां की बात कार्यक्रम में राष्टीय मुद्दों के साथ वर्तमान में देश की स्थिति एवं महत्वपूर्ण रूप से स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत पर वे अपना उद्बोधन देश की जनता को प्रदान करते हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को आयोजित मन की बात कार्यक्रम को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सामूहिक रूप से बैतूल जिले के भैसदेही कुकरू में सुना, प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक छाया मोरै ने झिरनीया में, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने देशगांव बुथ पर, महापौर अमृता यादव ने गुरु नानक वार्ड, कंचन मुकेश तनवे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बुथ क्रमांक 148 एवं मांधाता विधायक नारायण पटेल ने मुंदी मे मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुना।खंडवा के भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत नीलकंठेश्वर वार्ड बूथ क्रमांक-153 मे जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज के साथ मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा एवं के बूथ अध्यक्ष वेदांत जायसवाल, कोषाध्यक्ष गणेश गुरबानी, आशीष राजपूत, प्रवक्ता सुनील जैन, भारत पटेल, जिला आईटी सेल प्रभारी श्रृंगी उपाध्याय, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनूप पटेल, कन्हैया वर्मा, पूर्व भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक मिश्रा, ओंकार जायसवाल, राजा शर्मा, शारदा शर्मा, सदानंद यादव, सचिन तायड़े, देवा भावसार, अनिमेष जोशी, राहुल बावने सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के पूर्व में सभी स्थानों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। एवं विधि डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।



# सहेजा सरपंच सचिव की मनमानी के चलते पहली बारिश में लोगों के घरों में भरा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सहेजा सरपंच सचिव की मनमानी के चलते पहली बारिश में लोगों के घरों में भरा पानी आज जब सहेला ग्राम में पहली बारिश हुई तो सरपंच सचिव की सारी पोल खुल गयी वहीं ग्रामवासियों में जबरदस्त क्रोध देखने को मिला लोग सरपंच के घर छाता लगाकर पंहूचे तब भी उनपर कोई असर नहीं हुआ लोगों का कहना है की सरपंच सचिव को हरसूद – छनेरा सीओ का सपोर्ट है इसलिए वह गांव वालों को ठेगां दिखाते रहते हैं जो कार्य बारिश के पहले होना चाहिए उसमें लापरवाही बरती गयी है

वहीं कई लोगों का कहना है की गांव में लगभग 150 प्रधानमंत्री आवासमिले हुए हैं लेकिन उसमें भी भारी भ्रष्टाचार का पता चला है प्रधानमंत्री आवास नाम व सिरियल नंबर से आती है लेकिन इसमें भी जो पात्र व्यक्ति हैं उनके बदले अन्य लोगों को आवास बांटने का मामला भी सामने आया है इस मामले में हरसूद –छनेरा जनपद पंचायत सीईओ को जांच करना चाहिए और पात्र व्यक्ति को ही आवास आवंटित किये जाना चाहिए अगर ऐसा नहीं होता है तो इसकी शिकायत मां.मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को की जाएगी अगर उससे भी काम नहीं बना तो पी.एम.ओ. कार्यलय में भी शिकायत करेगे

## भाजपा किसान मोर्चा खंडवा ने डिजिटल प्रशिक्षण में हासिल की शत-प्रतिशत सफलता

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत पूरे प्रदेश में विधि डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में पार्टी के जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं बुथ स्तर तक के कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त कर पास होकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सभी मंडलों के साथ मोर्चा एवं पदाधिकारी भी इस अभियान में सतत जुड़े हुए हैं। इस प्रशिक्षण में भाजपा किसान मोर्चा खण्डवा ने डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला इकाई के सभी 31 पदाधिकारियों ने निर्धारित समय सीमा में प्रशिक्षण पूर्ण कर संगठनात्मक अनुशासन और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों, आधुनिक तकनीक तथा संगठनात्मक कार्यप्रणाली से जोड़ना है, इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सफलता पूरी टीम की सामूहिक मेहनत, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम है। उप्रशिक्षण पूर्ण करने वालों में उपाध्यक्ष विनोद पटेल, धनसिंह चौहान, गंगाप्रसाद यादव, राम चौधरी एवं हेमेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश पटेल एवं अर्जुन सिंह सोलंकी, जिला मंत्री राहुल मंदवाल, भानू पटेल, शेखर पटेल, राजू पंवार एवं बलिराम चौहान, कोषाध्यक्ष डेनी यादव, सह कोषाध्यक्ष संजय सिंह तोमर, कार्यालय मंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, सह कार्यालय मंत्री मयूर पाल सहित मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी, प्रशिक्षण, नीति एवं शोध, मन की बात, योजना प्रचार-प्रसार, लाभार्थी और प्राकृतिक खेती प्रकोष्ठ के सभी दायित्वधारी शामिल हैं।इस उपलब्धि पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने किसान मोर्चा खण्डवा की पूरी टीम को बधाई दी।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत खंडवा विधायक कंचन तनवे ने बच्चों को पिलाई दवाई

### विधायक ने इस बीमारी को दूर करने के लिए रोटरी क्लब की प्रशंसा की

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय खंडवा के केवल राम पेट्रोल पंप पर रोटरी क्लब द्वारा आयोजित स्टॉल पर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। अभियान 2026 की शुरुआत 28 जून से हो चुकी है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह-जगह पर स्टाल लगाकर 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को %दो बूंद जिंदगी की% पिलाई गई। अभियान के पहले दिन जिले के अलग-अलग बूथों पर हजारों बच्चों को दवा पिलाई गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया है लेकिन पोलियो को जड़ से खत्म करने एवं इसकी वापसी को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से



अभियान चलाया जाता है। पूरे जिले के साथ जिला व मुख्यालय खंडवा में भी कई स्थानों पर बुथ लगाकर बच्चों को दवाइयां पिलाई गई। सोमवार से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक कंचन तनवे ने कहा कि देश को पूर्ण रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखना, 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को यह दवा पिलानी अनिवार्य है। शासन,प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तो अपने दायित्व का निर्वहन करता है किंतु आमजन भी यदि इसमें सहयोग देते रहेंगे तो कभी भी पोलियो जैसी बीमारी हमारे देश हमारे शहर में नहीं रहेगी। विधायक कंचन तनवे ने रोटरी क्लब को धन्यवाद देते हुए कहा कि सामाजिक दायित्व के साथ रोटरी इंटरनेशनल ने जड़ से मिटाने के लिए देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अहम भूमिका निभाई है करोड़ों बच्चों को टीका लगाने में रोटरी ने काफी मदद की है। इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे के साथ भूपेश पचौरी, आशीष जायसवाल सतनाम सिंह होरा, अनुराग राठौर ,मोहम्मद युनुस ,मनोज वर्मा, राजू जोशी, डॉ रश्मी कौशल , मनोज शाह , हरि शंकर दलाल और जगदीश पालीवाल अनिल बाहेती, सुनील जैन उपस्थित थे।

# श्री तिरोले कुनबी पटेल समाज युवा संगठन की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

### डॉ. सावन पटेल लगातार दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष, 58 सदस्यीय टीम को मिली जिम्मेदारी



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्री तिरोले कुनबी पटेल समाज युवा संगठन, जिला पूर्व निमाड़-खंडवा की नवीन जिला कार्यकारिणी (सत्र 2026-28) की घोषणा रविवार को सर्वसम्मति से कर दी गई। संगठन की विशेष बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि संगठन में ही शक्ति होती है अत: समाज में कार्य कारणी के माध्यम से एक जूटता दिखाई देती है और समाज प्रगति करता है। नई कार्यकारिणी में डॉ. सावन पटेल (कोहदड़) को पुन: जिलाध्यक्ष चुना गया। उनके नेतृत्व में 58 सदस्यीय टीम संगठन की गतिविधियों का संचालन करेगी।

संगठन ने युवाओं को अधिक से अधिक जिम्मेदारी देकर सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है। जिला उपाध्यक्ष के रूप में अनूप पटेल (खंडवा), संजय पटेल (छेगांव माखन), भूपेंद्र पटेल (बोरगांव खुर्द) एवं अंकित पटेल (बरुड़) को दायित्व सौंपा गया। वहीं संजू पटेल (पुरा) को जिला संगठन प्रभारी, प्रदीप तिरोले (रूधि) को जिला संयोजक तथा सावन पटेल (खापरी) को जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया।

संगठन की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए बसंत पटेल (खंडवा) को जिला सचिव तथा पंकज पटेल (लोहारी) को सह-सचिव बनाया गया। वित्तीय जिम्मेदारी डॉ. कपिल पटेल (मलगांव) को जिला कोषाध्यक्ष और राहुल पटेल (बगमार) को सह-कोषाध्यक्ष के रूप में सौंपी गई। प्रचार-प्रसार को मजबूत बनाने के लिए आनंद पटेल (लोहारी) को जिला प्रवक्ता, अरुण पटेल (जय विट्ठल, रूधि) को विधि सलाहकार तथा देवीलाल पटेल (वंजारी) को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया संचालन की जिम्मेदारी रवीन्द्र पटेल (खंडवा) एवं रवीन्द्र पटेल (कोंडावत) को दी गई है। इसके अलावा संगठन ने 10 जिला संगठन मंत्रियों, 16 जिला कार्यकारिणी सदस्यों तथा समाज के 15 वरिष्ठजनों को संरक्षक मंडल में शामिल कर संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. सावन पटेल ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं संरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई टीम समाज की एकता, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ समाजजनों ने भी नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि युवा संगठन आने वाले समय में सामाजिक जागरूकता, संगठनात्मक मजबूती और समाजहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव नें दिन की शुरूआत योगाभ्यास से की

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू को प्रदेश के बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। कुकरू में पर्यटन विकास के लिए 15 करोड़ रुपये की लागत से कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को जोड़ते हुए एकीकृत टूरिज्म सर्किट विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को बैतूल के पर्यटन स्थल कुकरू के भ्रमण के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने रविवार को बैतूल जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकुरू के रेस्ट हाउस परिसर में योगाभ्यास कर दिन की शुरूआत की।

# संत तपोस्थली गुरु गादी ब्रहमगीर महाराज में पहुंच श्रृद्धालुओं को सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक की जानकारी दी

**नवभारत न्यूज़**

**अमलपुरा**// सायबर अपराधो के विरुद्ध 15दिवसीय सेफ क्लिक 2.0 के अभियान 24जून से 8जुलाई तक प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता, सहभागिता, गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है नारायण फरकले ने बताया कि आज रविवार दिनांक 28जून 2026को संत तपोस्थली गुरु गादी ब्रहमगीर महाराज में सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक की जानकारी दी गई ब्रह्मगिर महाराज तपोस्थली पर पहुंचे सेकडो श्रद्धालुओं



को जावर थाना प्रभारी श्याम भादले ने सायबर क्राईम से सावधान, फर्जी लोन एप्लिकेशन के नाम पर धोखाधड़ी, परिचित फेक काल, डिजिटल अरेस्ट, आदि की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण फरकले ने महिलाओं हेतु सायबर अपराध से बचने के उपाय बताए, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने की बात कही, उन्होंने अपने पिन पासवर्ड आदि कभी भी किसी के साथ साझा न करें और न लिखकर रखने कि सलाह दी। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, आनलाइन चैट पर आपत्ति जनक विडियो साझा न करें, अपने मोबाइल, कंप्यूटर आदि पर कभी भी निजी फोटो वीडियो आदि निर्मित न करे, सायबर फ्राड होने पर तुरंत 1930पर काल करें। आदि जागरूकता की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आरक्षक पवन कुमार, विक्रम भाटी,सचिन पांडे,बंसत ढाकसे,विजय चौहान, विजय पालीवाल, अश्विन बादल सांवले, पप्पू ठाकुर, सहित सैकड़ों श्रद्धालू उपस्थित थे।

**लोकार्पण** | सांसद पाटिल ने राज्यपाल का किया स्वागत अभिनंदन

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ब्लड बैंक स्टोरेज यूनिट का किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** संसदीय क्षेत्र खंडवा के भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र के झिरनिया अंचल में रविवार को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। समाज सेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा संसदीय क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि अभी कुछ दिन पूर्व देश की राष्ट्रपति, राज्यपाल , मुख्यमंत्री तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर सिकल सेल कार्यक्रम में पधारे थे। रविवार को खंडवा संसदीय क्षेत्र के झिरनिया में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई ब्लड बैंक स्टोरेज यूनिट का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को गति देने के लिए नई एम्बुलेंस तथा शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस



दौरान राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया और वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली तथा जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने राज्यपाल महोदय का स्वागत करते हुए कहा कि ब्लड बैंक स्टोरेज यूनिट और नई स्वास्थ्य सुविधाओं से झिरनिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इससे गंभीर मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में भी आसानी होगी।

कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मोरै, खरगोन जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्ममणे सहित जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं प्रशासनिक अमले ने सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसे जनहित की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।